हरिभूमि
# रायपुर भूमि

**नया साल, बड़ा बदलाव...**



## प्रायोगिक परीक्षाएं आज से जुड़ेंगे तिमाही-छमाही के अंक

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली दसवीं-बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं इस बार मार्च के स्थान पर फरवरी माह से प्रारंभ होंगी। प्रायोगिक परीक्षाएं भी दस जनवरी के स्थान पर एक जनवरी से प्रारंभ कर दी जाएंगी। माशिम वर्ष में दो बार 10वीं-12वीं की परीक्षाएं आयोजित कर रहा है, इसिलए प्रथम परीक्षा जल्द आयोजित की जा रही है, ताकि दूसरी परीक्षा भी नए सत्र में प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पूर्व ही हो जाए। बोर्ड परीक्षाओं के इतर होम बोर्ड परीक्षा के छात्रों को भी बदलाव का सामना करना पड़ेगा। तिमाही-छमाही के अंक भी अंतिम परीक्षा परिणाम में जुड़ेंगे।

# पुरानी पद्धति से पढ़ाई करने वाले छात्रों का आखिरी बैच पहली बार फरवरी से शुरू होगी 10वीं-12वीं की परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अलग खबर



2026 में वार्षिक परीक्षा प्रणाली से अध्ययन करने वाले छात्रों का अंतिम बैच पास आउट हो जाएगा। इसके बाद महाविद्यालयीन जीवन में वार्षिक परीक्षा पद्धति बीते हुए कल की बात हो जाएगी। जुलाई 2024 में प्रथम वर्ष, जुलाई 2025 में द्वितीय वर्ष के बाद जुलाई 2026 में तृतीय वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू हो जाएगी। वार्षिक पद्धति से पढ़ाई करने वाले छात्रों के अंतिम बैच ने जुलाई 2025 में प्रवेश लिया था। इनकी वार्षिक परीक्षाएं 2026 मार्च-अप्रैल में आयोजित की जाएगी। इसके साथ ही अंतिम बैच भी महाविद्यालयों से पास आउट हो जाएगा। वार्षिक पद्धति से पढ़ाई करने वाले छात्रों की नियमित कक्षाएं इसके बाद से नहीं लगेंगी। जो छात्र पूरक या अनुत्तीर्ण श्रेणी में रहेंगे, केवल उनके लिए परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी, लेकिन कक्षाएं संचालित नहीं होंगी।



## खिलाड़ी छात्रों को बीमा से लेकर गाइड बनने छूट तक

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत हो रहे क्रमबद्ध बदलावों में छात्रों के लिए इलेक्टिव विषयों के अंतर्गत नए विषय तृतीय वर्ष में शामिल होंगे। रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रमों को सिलेबस का हिस्सा बनाए जाने संबंधित अंतिम चरण की योजनाएं भी कार्यान्वित होंगी। इसके अतिरिक्त विभिन्न विश्वविद्यालय भी अपने स्तर पर कई बदलाव करेंगे। पं.रविशंकर शुक्ल विवि पीएचडी गाइड के लिए नियमों में थोड़ी छूट की तैयारी में है। सीएसवीटीयू अपने खिलाड़ी छात्रों को बीमा भी प्रदान करने का मौसदा बना रहा है। इसके अलावा कृषि विवि, केंद्रीय विवि, दुर्ग विवि सहित प्रदेशभर विवि अपने स्तर पर नए पाठ्यक्रम जोड़ने की तैयारी में लगे हुए हैं, जिनकी आधिकारिक घोषणा नवीन सत्र प्रारंभ होने के बाद ही होगी। निजी विश्वविद्यालय भी इस बार बड़े बदलाव का सामना करेंगे। फर्जी उपस्थिति पर लगाम लगाने के लिए निजी विवि विनियामक आयोग ने बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस की तैयारी कर ली है।



# नए साल में शहर को कचना ओव्हरब्रिज कंपोजिट बिल्डिंग समेत मिलेंगी कई सौगातें

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी वासियों के लिए नववर्ष 2026 कई नई सौगातें लेकर आ रहा है। सालों इंतजार के बाद कचना रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूर्ण होने जा रहा है। इस ब्रिज के निर्माण होने से हर रोज रेलवे क्रासिंग फाटक पर लगने वाले जाम से भी लाखों लोगों को मुक्ति मिलेगी। इस ब्रिज के अलावा पांच मंजिल रजिस्ट्री भवन की सौगात भी मिलेगी। यह नई बिल्डिंग आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त होगी, जिसमें रजिस्ट्री कराने पहुंचने वाले लोगों के बैठने के लिए भी विशेष हॉल की सुविधा होगी। कलेक्टोरेट परिसर में ही पांच मंजिला कलेक्टोरेट-एसपी कंपोजिट बिल्डिंग, चार मंजिल तहसील भवन, जिला वित्त विभाग कार्यालय भवन की भी सौगात नववर्ष में मिलेगी, क्योंकि इनमें से कई भवनों का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहे हैं, वहीं कुछ के निर्माण कार्य नए वर्ष में शुरू होने जा रहे हैं। संभाग कमिश्नर कार्यालय भी नए भवन में दिसंबर में शिफ्टिंग हुई है। इस तरह इस भवन की सौगात भी लगभग नववर्ष में ही मिली है।

### चार साल बाद मिलेगी कचना ओवरब्रिज की सौगात

कचना ओवरब्रिज का निर्माण नवंबर 2021 में शुरू हुआ था, लेकिन इसके बाद से लगातार ब्रिज के निर्माण में कई तरह की अड़चने आ रही थीं। कभी तकनीकी, कभी बारिश तो कभी रेलवे की अनुमति में देर की वजह से ब्रिज का निर्माण कार्य में लगातार बाधा आ रही थी। इन अड़चनों के कारण चार साल से कचना क्षेत्र में रहने वाले दो लाख से ज्यादा लोग इस ब्रिज के पूर्ण होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन यह इंतजार अब खत्म होगा। ब्रिज पर रेलवे पटरियों के ऊपर छूटा हुआ फाउंडेशन, गर्डर लगाने का काम तेज गति से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी अफसरों के अनुसार करीब 35 से 39 करोड़ की लागत से बन रहा ब्रिज का काम आगामी एक से दो माह में पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण कार्य पूर्ण होते ही आम लोगों के लिए यह ब्रिज खोल दिया जाएगा। इसके बाद रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से भी छुटकारा मिलेगा और गाड़ियां बिना रुके ब्रिज पर से आना-जाना कर पाएंगी।

### पांच मंजिल रजिस्ट्री भवन का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण पर

कलेक्टोरेट परिसर में पुराना पंजीयन कार्यालय भवन के ठीक सामने करीब साढ़े 9 करोड़ रुपए की लागत से बन रही पांच मंजिल रजिस्ट्री कार्यालय बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। अफसरों के अनुसार नववर्ष में इसका निर्माण भी पूरा हो जाएगा। इस नई बिल्डिंग में रजिस्ट्री कराने पहुंचने वाले लोगों को भी वेटिंग हॉल की सुविधा मिलेगी। वेटिंग हॉल को रेलवे टिकिट आरक्षण काउंटर की तर्ज पर बनाया जाएगा, जिसमें टोकन नंबर डिस्प्ले बोर्ड भी लगेगा। इस डिस्प्ले नंबर पर टोकन नंबर देखकर लोग अपने एसआर उप पंजीयक के कोर्ट में जाकर रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी कर पाएंगे।

### संभाग आयुक्त बिल्डिंग की मिली सौगात

संभाग आयुक्त कार्यालय की तीन मंजिल नई बिल्डिंग की सौगात भी शहर को मिल चुकी है। इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य दिसंबर 2025 में ही पूर्ण हो गया था, जिसके बाद पुराना आयुक्त कार्यालय में एसपी भवन शिफ्ट किए जाने की जल्दबाजी में आयुक्त कार्यालय को नए भवन में शिफ्ट कर दिया। इस तरह नए आयुक्त भवन में शिफ्टिंग जरूर दिसंबर में हुई हैं, लेकिन देखा जाए तो भवन की सौगात नववर्ष में ही मिली है।

### स्काईवॉक की भी मिलेगी सौगात

नववर्ष में जयस्तंभ चौक से मेकाहारा तक बन रहे स्काईवॉक की भी सौगात मिलेगी। स्काईवॉक का अधूरा निर्माण कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इसके लिए छूटे हुए गर्डर भी स्काईवॉक में चढ़ाए जा रहे हैं। गर्डन चढ़ाने के बाद कई जगह पर एस्केलेटर भी लगाए जाएंगे। इसके लिए तैयारी जोरशोर से की जा रही है। अफसरों के अनुसार स्काईवॉक का निर्माण भी आगामी 3 से 4 माह में पूरा कर लिया जाएगा। इस तरह इसकी सौगात भी नववर्ष 2026 में ही मिलेगी।



### 17 करोड़ की लागत से तैयार शास्त्री बाजार हाईटेक कमर्शियल काम्पलेक्स

राजधानी के शास्त्री बाजार के पिछले हिस्से में चार फ्लोर वाला हाईटेक कमर्शियल कांप्लेक्स बनकर तैयार है। इस काम्पलेक्स के बेसमेंट में पार्किंग की व्यवस्था है, वहीं तीन फ्लोर में 84 दुकानें बनाई गई हैं। स्मार्ट सिटी रायपुर द्वारा करीब 17 करोड़ रुपए की लागत से बनाए गए इस कांप्लेक्स की सौगात भी नववर्ष में मिलेगी।

### कंपोजिट बिल्डिंग में एक साथ बैठेंगे जिला-पुलिस प्रशासन के अफसर-कर्मचारी

कलेक्टोरेट परिसर में नववर्ष से लगभग 30 करोड़ की लागत से 5 मंजिल कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण का कार्य भी शुरू होगा। इसके लिए अंग्रेजों के जमाने में बना एसपी भवन को तोड़ने का कार्य भी शुरू हो चुका है। आगामी 10 दिनों में भवन को तोड़ने का काम खत्म होते ही यहां कंपोजिट बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। यह पहली बार होगा, जब राजधानी में एक ही बिल्डिंग में जिला प्रशासन और एसपी भवन का कायार्लय होगा। इस बिल्डिंग में अपर कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर से लेकर कई विभागों के अफसरों के दफ्तर लगेंगे। इधर एसएसपी सहित जिला पुलिस प्रशासन के भी कई अफसरों के साथ विभाग से संबंधित दफ्तर लगेंगे।





### वित्त विभाग भवन का निर्माण भी अंतिम चरण पर

कलेक्टोरेट परिसर में ही वित्त विभाग के लिए अलग से भवन बनाया जा रहा है। इस भवन का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण पर है। इसका निर्माण भी कुछ महीनों में पूर्ण होने की संभावना है। इस तरह से नववर्ष में वित्त विभाग को भी नए भवन की सौगात मिलेगी।

### चार मंजिल तहसील बिल्डिंग का काम शुरू

चार मंजिल तहसील बिल्डिंग का कार्य भी शुरू हो चुका है। अफसरों के अनुसार इस बिल्डिंग का निर्माण कार्य भी वित्तीय वर्ष 2026-27 तक पूर्ण किया जाना है। नई तहसील बिल्डिंग भी सर्वसुविधायुक्त बनाई जा रही है। बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर में पार्किंग की व्यवस्था रहेगी, वहीं फर्स्ट फ्लोर से लेकर फोर फ्लोर तक कोर्ट, तहसीलदारों के दफ्तर एवं कर्मचारियों के कक्ष होंगे।

# आईएएस अफसरों को प्रमोशन का तोहफा 2001 और 2017 बैच के अधिकारी शामिल




हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने 2001 और 2017 बैच के आईएएस अफसरों की पदोन्नति सूची जारी की है। लिस्ट में 2001 बैच की आईएएस अफसर शहला निगार और 2017 बैच के आईएएस अफसर आकाश छिकारा, रोहित व्यास, मयंक चतुर्वेदी, कुणाल दुदावत, चंद्रकांत वर्मा का नाम शामिल है। आईएएस शहला निगार को प्रमुख सचिव वेतनमान पे मेट्रिक्स लेवल-15 में 1 जनवरी से पदोन्नत कर कृषि उत्पादन आयुक्त के पद पर पदस्थ करते हुए प्रमुख सचिव, कृषि विकास व किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, उद्यानिकी, मछलीपालन, पशुधन विकास विभाग, गन्ना आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आईएएस आकाश छिकारा उप सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा अति. प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण से संयुक्त सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग तथा अति. प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, रायपुर विकास प्राधिकरण, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण।< आईएएस रोहित व्यास कलेक्टर, जशपुर, मयंक चतुर्वेदी कलेक्टर, रायगढ़, कुणाल दुदावत कलेक्टर, कोरबा, चंद्रकांत वर्मा संचालक, पशु चिकित्सा सेवायें तथा अति. प्रभार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी के पद पर पदस्थ किया गया है।

## राज्य पुलिस सेवा के 16 डीएसपी बने एडिशनल एसपी

प्रमोशन पाने वाले डीएसपी, एएसपी पद पर पदोन्नत हुए



साल के अंतिम दिन राज्य पुलिस सेवा के 16 डीएसपी को प्रमोशन का तोहफा मिला है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अनुशंसा तथा गृहमंत्री विजय शर्मा की पहल पर 16 उप पुलिस अधीक्षकों का एडिशनल एसपी के पद पर प्रमोशन किया गया है। पुलिस अफसरों के प्रमोशन को लेकर गृह विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। गृह विभाग द्वारा पदोन्नति एवं छानबीन समिति की अनुशंसा के आधार पर राज्य पुलिस सेवा संवर्ग के वरिष्ठ श्रेणी वेतनमान प्राप्त 16 अधिकारियों को उप पुलिस अधीक्षक, सहायक सेनानी या समतुल्य रैंक के पद से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप सेनानी या समतुल्य रैंक के पद पर स्थानापन्न रूप से पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारियों में रितेश चौधरी, जितेन्द्र कुमार खूंटे, अंजली नाग (गुप्ता), कर्ण कुमार उके, मनोज कुमार ध्रुव, पुष्पेन्द्र नायक, मनोज तिर्की, सारिका वैद्य, निधि नाग, कपिल चन्द्रा, अविनाश कुमार मिश्रा, ईश्वर प्रसाद त्रिवेदी, योगेश कुमार साहू, मयंक तिवारी, रश्मीत कौर चावला तथा अनिल कुमार विश्वकर्मा के नाम शामिल हैं।

# 20 जनवरी से 5 फरवरी तक ऑटो एक्सपो रोड टैक्स में मिलेगी 50 प्रतिशत छूट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ राडा का राज्य सरकार के प्रति आभार व्यक्त

राजधानी में रायपुर ऑटो डीलर्स एसोसिएशन (राडा) नौवें वर्ष ऑटो एक्सपो का आयोजन करने जा रहा है। ऑटो एक्सपो 20 जनवरी से पांच फरवरी तक चलेगा। ऑटो एक्सपो को लेकर राज्य सरकार ने वाहनों में रोड टैक्स में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। राज्य सरकार के निर्णय के प्रति राडा ने आभार व्यक्त किया है। राडा ने इस निर्णय को ऑटोमोबाइल उद्योग एवं आम उपभोक्ताओं के लिए ऐतिहासिक और अत्यंत लाभकारी बताया है। राडा के अध्यक्ष रविंद्र भसीन ने सरकार के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा, हम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी एवं कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के हृदय से आभारी हैं। रविंद्र भसीन के अनुसार राडा ऑटो एक्सपो के दौरान रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की यह छूट न केवल ऑटोमोबाइल सेक्टर को नई गति देगी, बल्कि आम नागरिकों के लिए वाहन खरीदना ▸▸|शेष पेज 5 पर

*ईडी ने रायपुर, महासमुंद में हरमीत सिंह खनूजा और उससे जुड़े लोगों के 10 ठिकानों पर छापा मारा था*

# भारतमाला भू-अर्जन मुआवजा घोटाला ईडी ने जब्त किए 40 लाख रुपए कैश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

भारतमाला परियजोना में 43 करोड़ रुपए भू-अर्जन मुआवजा घोटाला में ईडी ने 40 लाख रुपए कैश जब्त किए हैं। इसके साथ ही घोटाला से जुड़े कई डिजिटल डिवाइस के साथ संदिग्ध दस्तावेज जब्त करने का ईडी ने दावा किया है। प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने सोमवार को रायपुर, महासमुंद में हरमीत सिंह खनूजा, उसके रिश्तेदार सहित राजस्व विभाग के तत्कालीन एसडीओ निर्भय साहू सहित अन्य अधिकारी, कर्मियों के 10



ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की थी। ईडी ने डिजिटल डिवाइस, संदिग्ध दस्तावेज तथा नकदी जांच के दौरान जब्त की है। ईडी ने बयान जारी कर बताया है कि जमीन दलाल तथा भू माफियाओं ने सरकारी अधिकारियों के साथ ▸▸|शेष पेज 5 पर

### घोटाले की आय से खरीदी संपति की पहचान

ईडी के बयान के मुताबिक भारत माला परियोजना के लिए भू-अर्जन मुआवाजा के नाम पर घोटाला करने वाले लोगों ने घोटाले की काली कमाई की कई चल तथा अचल संपति अर्जित की है। ईडी ने उन चल तथा अचल संपति की पहचान करने का दावा किया है। घोटाले की रकम से जो चल-अचल संपति अर्जित की गई है, ईडी के अफसर आने वाले दिनों में अस्थायी तौर पर कुर्क कर सकते हैं।

## सिविल लाइंस थाने में ठगी की शिकायत दर्ज


# आरटीओ चालान के नाम पर फिर एक के साथ एपीके फाइल भेजकर पौने सात लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ परिचित आरटीओ एजेंट का मोबाइल हैक कर उसके नंबर से एपीके फाइल भेज कर की ठगी

सिविल लाइंस थाना में एक समाजसेवी तथा इंश्योरेंस कंसल्टेंट ने अज्ञात के खिलाफ उसके परिचित के मोबाइल नंबर का उपयोग कर आरटीओ चालान के नाम एपीके फाइल भेज कर 6.81 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरटीओ के नाम से फर्जी ई-चालान भेजकर कुछ दिनों पूर्व भी गंज थाने में ठगी की एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी। एक सप्ताह के भीतर एपीके फाइल भेजकर ठगी करने की यह दूसरी घटना है।

शंकर नगर निवासी सुरेश छाबरा ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेश ने पुलिस को बताया है कि उसके पास चार दिन पूर्व 28 दिसंबर को उसके परिचित जो पेशे से आरटीओ एजेंट है, उसके मोबाइल नंबर से आरटीओ चालान का मैसेज आया। सुरेश ने फाइल डाउनलोड की, तो उससे उसके आधार नंबर के साथ पैन कार्ड तथा जन्म तिथि की जानकारी मांगी गई। इसके बाद सुरेश ने फाइल कैसिंल कर दी।



### दूसरे दिन अकाउंट से रुपए गायब

सुरेश के अनुसार दूसरे दिन 29 दिसंबर को उसके अकाउंट से अलग-अलग किस्तों में दूसरे के अकाउंट में रुपए ट्रांजेक्शन होने का मैसेज आया। इसके बाद सुरेश ने अपने ▸▸|शेष पेज 5 पर

### अनदेखी करने पर कोई भी हो सकता है ठगी का शिकार

किसी भी मोबाइल यूजर के पास उसके परिचित के ही नंबर से वाट्सएप या टेक्स्ट मैसेज में किसी तरह से फाइल पोस्ट करता है, उस फाइल को डाउनलोड करने के पूर्व क्लिक करने से देखना होगा कि फाइल की अंतिम लाइन में एपीके फाइल तो नहीं लिखी है। एपीके फाइल लिखे होने पर मैसेज को तत्काल डीलीट कर देना चाहिए। जालसाज ठगी करने लोगों के पास एपीके फाइल भेज कर मोबाइल हैक कर ठगी कर रहे हैं।

# HAPPY NEW YEAR 2026

सुख, संपत्ति, सादगी, सफलता, स्वास्थ्य, सम्मान शान्ति एवं समृध्दि मंगलकामनाओं के साथ आप सभी को नये साल की हार्दिक शुभकामनाएं।।


































## खबर संक्षेप

### बेंद्री में आज मड़ई-मेला

**अभनपुर।** ग्राम विकास मड़ाई मेला समिति बेन्द्री के तत्वावधान मे 1 जनवरी को मंड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। उत्सव मे पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू, जिपं.सदस्य, जनपपद सदस्य व अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होगे। रात्रिकालिन छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम कारी बदरिया मोखा गुरूर टीम द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

### कूंरा में सांस्कृतिक कार्यक्रम कल होगा

**कूंरा।** द रॉयल क्लब एवं समस्त नगरवासियों के तत्वाधान में नए साल 2026 के अवसर पर 2 जनवरी को रात्रि पर सांस्कृतिक कार्यक्रम छग सुप्रसिद्ध गायक करंजा भिलाई दुर्ग वाले दिनेश वर्मा गायन का आयोजन रखा गया है ।

## निधन

### बंशीधर साहू



**आरंग।** बैहार (आरंग) निवासी बंशीधर साहू (55 का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व ग्रामीण शामिल हुए। वे तारकेश्वर, डामेश्वर, केमकुमार साहू के पिता थे।

### बृजलाल वर्मा



**आरंग।** ग्राम मुनगेसर निवासी 54 वर्षीय शिक्षक बृजलाल वर्मा का बीते मंगलवार को ड्यूटी के दौरान ही हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय गांधीग्राम (नकटा) में पदस्थ श्री वर्मा गोमती वर्मा के पति, देवव्रत, गायत्री वर्मा यामिनी वर्मा के पिता व स्वर्गीय रामाधीन वर्मा के पुत्र थे। अंतिम संस्कार मुनगेसर स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# मोहदी में रावण का जन्मोत्सव और आयोजित भंडारे में उमड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ की पावन धरा अपनी विविध परंपराओं और लोक मान्यताओं के लिए विश्व विख्यात है। इसी कड़ी में रायपुर जिले के धरसींवा ब्लाक के ग्राम पंचायत मोहदी में श्रद्धा का एक ऐसा केंद्र है, जो आधुनिकता के दौर में भी अपनी जड़ों से मजबूती से जुड़ा हुआ है। यहाँ 31 दिसंबर की शाम किसी जश्न की नहीं, बल्कि 'रावण महाराज' के प्रति अटूट विश्वास की गवाह बनी। अवसर था रावण महाराज की भव्य महाआरती और उनके जन्मोत्सव का, जिसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। साल के अंतिम दिन बुधवार को मोहदी ग्राम में सुबह से ही उत्सव का माहौल था। रावण महाराज की विशालकाय प्रतिमा का विशेष अभिषेक कर उन्हें राजसी वस्त्रों और पुष्पमालाओं से भव्य रूप से सजाया गया। शाम ढलते ही पूरा ग्राम 'जय लंकेश' के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। हज़ारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने एक साथ महाआरती की, जिसकी लौ से पूरा परिसर प्रकाशमान हो गया।

जहाँ देशभर में दशहरे पर रावण दहन की परंपरा है, मोहदी के ग्रामीण इस परंपरा से इतर रावण को अपना आराध्य और रक्षक मानते हैं। वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार, यहाँ के लोग 31 दिसंबर को रावण महाराज का जन्मदिन मनाते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि रावण प्रकांड विद्वान और शक्ति के प्रतीक थे, इसलिए उनका अपमान करने के बजाय उनकी पूजा की जाती है।

### रावण को लेकर गांव में तरह-तरह की मान्याएं प्रचलित हैं





#### प्रसव पीड़ा से जुड़ी गहरी मान्यता

मोहदी में रावण महाराज के प्रति आस्था केवल त्योहारों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है। गाँव में यह अटूट मान्यता है कि यदि किसी गर्भवती महिला को प्रसव के दौरान अत्यधिक पीड़ा या समस्या हो, तो रावण महाराज की शरण में जाने और मन्नत मांगने से संकट टल जाता है। ग्रामीण बताते हैं कि महाराज के आशीर्वाद से माँ और बच्चा दोनों सुरक्षित रहते हैं। यही कारण है कि गाँव का हर परिवार अपनी खुशियों और दुखों में सबसे पहले महाराज को याद करता है।

## वारदात : अनाचार और लूटपाट की घटनाओं को लेकर सुरक्षा पर उठे सवाल

# तिल्दा नेवरा बना अपराध का गढ़, वर्ष 2025 में आधा दर्जन हत्या की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

गुजरे वर्ष 2025 में आधा दर्जन हत्या की घटनाओं ने दहला दिया है .इनमे ऐसी घटनाएं हैं जो लोगों के जहान में आज भी बरकरार है. सबसे बड़ी बात यह है की हत्या को अंजाम देने वाले कोई और नही बल्कि करीबी रिश्तेदार और दोस्त यार है.. इनमें से दो हत्याओं की एकमात्र वजह शंका रही. पति द्वारा पत्नी की हत्या मुख्य रूप से चर्चा में रही. तिल्दा नेवरा थाना इलाके में हुई हत्या के आरोपी सलाखों के पीछे है।

- बाय-बाय 2025- रिश्ते तार-तार हुए अपनों ने ही उतारा मौत के घाट

बीते वर्ष जिन आधा दर्जन हत्याओं की हम बात कर रहे हैं ये सभी हत्याएं तिल्दा थाना क्षेत्र की है .यदि हम तिल्दा तहसील की बात करें तो यहां एक दर्जन से भी अधिक हत्याएं हुई है..15 दिन पहले 24 घंटे में तिल्दा नेवरा शहर सहित ब्लाक के एक गाव में हुई दो युवकों की हत्या के बाद पूरा इलाका दहल गया था .अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुई इन दो हत्याओं के मामले में बड़ी बात यह सामने आई की हत्या में शामिल तीन आरोपी नाबालिग थे. इन नाबालिग आरोपियों को नशे की लत ने कातिल बना दिया।





सबसे पहले एक दिल दहला देने वाली वारदात नेवरा कोटा से सामने आई यहाँ नाबालिग बालक का गणेश पंडाल से युवक घुमाने के भने साथ ले गए ,और उनके साथ सामूहिक अनाचार कर ने के बाद उसकी हत्या कर झाड़ियो में फेक दिया गया और हत्यारे घर वालो के साथ मिलकर उसकी तलाश करते रहे ,11 दिन बाद जब उसमासूम का शव मिलापूरा इलाका मातम में डूब गया ..

13 दिसंबर को नेवरा वार्ड 14 में एक तीन बच्चों के पिता की दो नाबालिकों ने चाकू मार कर हत्या कर दी,मृतक का गुनाह इतना था कि आरोपियों ने रस्ते से जाते समय रोककर उससे बीडी मांगी . और उसने बीडी देने इनकार कर दिया. पहले से ही नशे में होने के कारण बीडी नही मिलने से दोनों गुस्से में आ गए..और पास रखे चाकू से हमला कर मौत के घाट उतार दिया..सुबह जब लोग अपने घरों से बाहर निकले तो रेत के ढेर पर खून से लथपथ शव देखकर दंग रह गए। मौके पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ जमा हो गई और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

### अज्ञात युवकों ने की लूटपाट

इसी रात तिल्दा ब्लाक के बरौंडा स्थित किंग ढाबा एंड रेस्टोरेंट के सामने बुधवार रात करीब 11:30 बजे तीन अज्ञात युवक ऑरेंज रंग की **KTM** बाइक से पहुंचे। लूट की नीयत से हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले बलौदाबाजार का रास्ता पूछने के बहाने बात की, फिर अचानक चाकू निकालकर लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान ढाबे के बाहर बैठे शिवकुमार साहू का मोबाइल छीन लिया।विरोध किया तो आरोपियों ने उसके सीने में चाकू से वार कर दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### नेवरा कालेज रोड पर महिला की हत्या

इसके पहले 5 अगस्त को नेवरा कालेज रोड पर स्थित घर में अकेली रह रही महिला की एक युवक ने बेरहमी से हत्या कर दी.. महिला और आरोपी का अवैध संबंध था. रात में दोनों के बीच विवाद हुआ गुस्से में आकर युवक ने महिला की हत्या कर दी.. नेवरा में हुए दोनों अंधे कत्ल थे.लेकिन पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया था.. इसके पहले छतोद में एक युवक ने चरित्र शंका को लेकर हत्या कर दी ..इसी तरह टाकिज के पीछे नाबालिगो ने नशे की हालत में एक युवक की पत्थर से कुचल हत्या कर दी ..इसी तरह नेवरा तुलसी में एक युवक की प्रेम प्रसग के चलते प्रेमिका के भाई ने हत्या कर दी .पुलिस नेवरा के रहने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इसके पहले तिल्दा ब्लाक के एक ग्राम बेलदार सिवनी थाना खरोरा में एक लडकी की उसके प्रेमी ने हत्या कर दी बाद में युवक गिरफ्तार किया गया।

# लखौली ओवरब्रिज पर गिरकर बाइक सवार 2 युवकों की मौत



**आरंग।** नेशनल हाईवे-53 पर मंगलवार की देर शाम दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा लखौली ओवरब्रिज पर देर शाम 7 बजे हुआ, जब बाइक सीजी 04 4714 में सवार 2 युवक आरंग से रायपुर की ओर जा रहे थे। जा रहे युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई और पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उन्हें कुचल दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों की पहचान संदीप निषाद (18 वर्ष) निवासी बड़गांव (तुमगांव) तथा तिलक निषाद (20 वर्ष) निवासी रायतुम (पटेवा) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ओवरब्रिज पर अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ा, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक घिसटते हुए करीब 50 मीटर दूर जा गिरी। घटना की सूचना मिलते ही आरंग थाना प्रभारी हरीश साहू पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मर्चुरी (शवगृह) भेज दिया है तथा मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार बुधवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। वहीं अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

## ईस्ट जोन क्रिकेट प्रतियोगिता में जानवी निषाद का चयन

**कूंरा।** धरसीवा की प्रतिष्ठित शैक्षाणिक संस्थान शासकीय पंडित श्यामाचरण शुक्ला धरसीवा के बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्रा जानवी निषाद का राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होकर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया हैं। महाविद्यालय के खेल अधिकारी राकेश कुमार पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के आदेशानुसार रायपुर में आयोजित अंतर महाविद्यायलीन क्रिकेट (महिला) प्रतियोगिता में अपने टीम से शानदार प्रदर्शन करते हुए उनका चयन ईस्ट जोन क्रिकेट ( महिला) यूनिवर्सिटी खेल उड़ीसा के लिए चयन किया गया है।

इस प्रतियोगिता में जानवी निषाद ने शानदार प्रदर्शन किया और उनका चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय जो कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज यूनिवर्सिटी उड़ीसा में आयोजित होगी। जानवी निषाद के इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुष्पा कौशिक ,वरिष्ठ सहायक प्रध्यापक कौशल किशोर, क्रीड़ा प्रभारी प्रशांत रथ, क्रीड़ा अधिकारी राकेश कुमार पाल एवं समस्त कर्मचारीगण एवं स्टाफ के सदस्यों द्वारा अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

पेज 03 के शेष...

### 20 जनवरी से...

भी और अधिक सुगम बनाएगी। राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश खेमानी, विवेक अग्रवाल एवं मुकेश सिंघानिया ने कहा कि यह ऑटो एक्सपो राज्य में आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। राडा के पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी, मनीष राज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह एवं विवेक गर्ग ने विश्वास जताया कि पिछले ऑटो एक्सपो में बने रिकॉर्ड जहां 29 हजार से अधिक वाहनों की बिक्री हुई थी और 800 करोड़ से अधिक का जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ था, इस बार वाहन बिक्री में पिछले वर्ष के रिकार्ड टूटने की संभावना व्यक्त की है।

### भारतमाला भू-अर्जन मुआवजा घोटाला...

मिलकर रायपुर-विशाखापत्तनम हाईवे प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण में सरकारी रिकॉर्ड में हेरफेर करके अवैध मुआवज़ा प्राप्त किया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने कुछ सरकारी कर्मचारियों के साथ आपराधिक साज़िश रचकर पिछली तारीख की एंट्री के जरिए परिवार के सदस्यों के बीच जानबूझकर जमीन के बड़े टुकड़ों को बांटकर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहित जमीन के लिए धोखाधड़ी से ज्यादा मुआवजा प्राप्त किया। जमीन का यह कृत्रिम बंटवारा भूमि अधिग्रहण से पहले अलग-अलग लोगों के नाम से टुकड़ों में काटकर चढ़ाया गया था, जिससे मुआवजे के ढांचे का फायदा उठाकर ज्यादा मुआवज़े का दावा किया जा सके। राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया, ताकि यह दिखाया जा सके कि ये बंटवारे अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले हुए थे, जिससे बढ़ी हुई अवैध मुआवज़े की राशि स्वीकृत और वितरित हुई।

### दूसरे दिन अकाउंट

परिचित के पास कॉल किया, तो उसने सुरेश को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे एपीके फाइल का मैसेज भेज मोबाइल हैक कर लिया था। परिचित के मोबाइल हैक करने के बाद जालसाज ने उसके नंबर से सुरेश को एपीके फाइल भेज कर सुरेश का भी मोबाइल हैक कर अकाउंट की गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार बनाया।

## प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम में बीएनबी स्कूल के विद्यार्थियों को विज्ञान की जानकारी दी



**तिल्दा नेवरा।** बद्रीनारायण बगड़िया शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम जिला प्रशासन रायपुर की मदद से आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के तहत राजेश राजपूत ने विद्यार्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन इसरो की स्थापना, उसके प्रमुख केन्द्र, भारत की प्रमुख अंतरिक्ष उपलब्धियां जैसे एसएलवी3, एएसएलवी ,पीएसएलवी, जीएसएलवी और चंद्रयान मिशन के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में रॉकेट लॉन्च कहां से करते हैं, रॉकेट में कितने चरण होते हैं ,रॉकेट में कौन-कौन से ईंधन का उपयोग करते हैं ।विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित रॉकेट और उपग्रह तकनीक के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही चंद्रयान मिशन के तहत रोवर और लोडर की भी जानकारी दी गई । इसके पहले कार्यक्रम का उद्घाटनविद्यालय के जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा ,सौरभ जैन, डॉक्टर लक्ष्मण साहू ,पार्षद रानी सौरभ जैन, सेंचुरी सीमेंट ऊच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठ के सेवानिवृत प्राचार्य एस .के .पांडे ,आई डी वाय एम एफ के वक्ता राजेश राजपूत और दुर्गेश कुमार ने किया किया गया। सेवानिवृत प्राचार्य एस.के .पांडे ने विद्यार्थियों को अभिप्रेरित कर कहा कि हमारे नगर से कुछ दूरी पर स्थित सिलयारी गांव के हिन्दी माध्यम का विद्यार्थी गौतम सोनी वर्तमान में इसरो में कार्यरत है ।आप भी अच्छे तरह से पढ़ाई कर और अपनी जिज्ञासाओं को प्रश्नों के माध्यम से शिक्षकों से पूछ कर बहुत आगे बढ़े और अपना नाम रोशन करें । पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा प्रोजेक्ट अंतरिक्ष" विद्यार्थियों में अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति जिज्ञासा बढ़ाने की प्रेरणादायी पहल है उन्होंने कहा कहा कि आप सब बहुत खुशनसीब हैं क्यों कि हमारे जिला प्रशासन रायपुर के मुखिया डॉक्टर गौरव सिंहऔर जिला शिक्षा अधिकारी रायपुर श्री हिमांशु भारती जी ने आपके विद्यालय को इस प्रोजेक्ट अंतरिक्ष कार्यक्रम हेतु चयनित किया है ।मैं उनका हृदय से धन्यवाद देती हूं अंत में संस्था के प्राचार्य ने आयोजक टीम और समस्त अतिथियों का हृदय से आभार प्रदर्शन किया।

## टोकन मुद्दे पर किसानों ने खौना में की तालाबंदी



**सिलयारी।** धान खरीदी चालू किए 45दिन बीत गए लेकिन ऐसा कोई दिन नहीं होगा जिस दिन किसानों को समस्या का सामना न करना पड़ा हो, खौना समिति में आज तक केवल 30%खरीदी हुई है जबकि अब केवल 22 दिन कार्य दिवस शेष है। यहां की खरीदी लिमिट आज दिनांक तक नहीं बढ़ा है किसान लगातार समितियों में टोकन के लिए एवं ऑनलाइन में भी लगातार प्रयास कर रहे है लेकिन लिमिट नहीं बढ़ाया गया। किसान को समिति द्वारा साफ बोला जा रहा है जब तक समिति का धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने का आदेश नहीं होगा तब तक समस्या बना रहेगा किसान समिति, शाखा प्रबंधक एवं कलेक्टर जनदर्शन में लिखित शिकायत किए लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ तो आज आक्रोशित किसानों ने तीन गांवों के किसानों ने सुबह से एकत्रित होकर खरीदी बंद करके खरीदी केंद्र में तालाबंदी कर सरकार विरोधी नारे लगाए। नायब तहसीलदार खरोरा कुंभकार को अल्टीमेटन ज्ञापन सौंपकर आगाह किया कि 24 घंटे में अगर लिमिट नहीं बढ़ी तो बालोदबाजार मुख्य मार्ग पर प्रदर्शन कर चक्काजाम करेंगे।

प्रदर्शन मे कुंजलाल वर्मा जनपद सभापति तिल्दा, पूर्व सरपंच हेमंत सिंह ठाकुर, घनश्याम वर्मा, मुकेश ठाकुर, युधिष्ठिर ठाकुर,कार्तिक निषाद,झूमक वर्मा, कुलेश्वर साहू,जीवन वर्मा, विवेक सिंह ठाकुर, संतोष साहू,मिथलेश यादव,इतवारी कुर्रे,,आयुष कुर्रे, सनत वर्मा,सोमचंद वर्मा,कैलाश यादव सहित सैकड़ो की संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## वर्ष 2026 के स्वागत में सुंदरकांड पाठ किया



**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा नेवरा के पेंशनर साथियों की कर्मचारी भवन तिल्दा में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के बाद गुजरे साल 2025 की विदाई और नए वर्ष 2026 स्वागत के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक श्री रामचरित मानस और सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पेंशनधारी कल्याण संघ तहसील शाखा तिल्दा के महासचिव अभिमन्यु वर्मा ने कहा कि सभी साथियों ने पाठ के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा शांति और ईश्वर का आशीर्वाद प्राप्त किया ताकि नया साल सुख समृद्धि और भक्ति भाव के साथ शुरू हो। संघ के अध्यक्ष रामवतार पांडेय ने कहा कि नये साल के स्वागत भगवत भजन पूजन से होनी चाहिए यही हमारी संस्कृति है। इस कार्यक्रम में उद्धव राम वर्मा, हरखराम वर्मा, बलीराम यादव,दानीराम वर्मा,यशवन्त कुमार वर्मा, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, मालिक राम साहू, तुलसीराम वर्मा,हेमन्त नायक,रुपा शाही,सुरेश कुमार शर्मा,टीकाराम वर्मा, भुनेश्वर प्रसाद वर्मा, फेकूराम वर्मा,हिन्छाराम निर्मलकर, प्रताप सिंह धुव, प्रेमलाल साहू, दिनेश कुमार साहू, एस. आर. नंदी, लेख राम शंभकार, घनश्याम लाल वर्मा,खोडसराम वर्मा,दानीराम वर्मा, चिन्ता राम वर्मा, सरजू प्रसाद धिरहे, अर्जुन लाल वर्मा सहित और अनेक साथी उपस्थित रहे।

# भुरकुनी में घासीदास जयंती पर हुए पंथी नृत्य व भजन-कीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा की जयंती के पावन अवसर पर ग्राम भुरकुनी में आयोजित भव्य कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत भुरकुनी के सरपंच राचकुमार भारती ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं सतनामी समाज के लोग उपस्थित रहे। मुख्य अतिथियों ने गुरु घासीदास बाबा के जीवन एवं शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए उनके /"मनखे मनखे एक समान/" के सिद्धांत को समाज में लागू करने का आह्वान किया।



पूर्व सांसद छाया वर्मा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने सामाजिक समानता और मानवता की जो शिक्षा दी, वह आज भी प्रासंगिक है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज से छुआछूत और भेदभाव को पूरी तरह समाप्त करना चाहिए। पूर्व विधायक अनिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने सत्य, अहिंसा और एकता का संदेश दिया। महिलाओं और वंचितों के उत्थान के लिए उनके योगदान को हम कभी नहीं भूल सकते।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा कि /"मनखे मनखे एक समान/" का यह संदेश आज के विभाजनकारी माहौल में और भी महत्वपूर्ण हो गया है। कांग्रेस पार्टी हमेशा बाबा के सिद्धांतों पर चलकर समाज में सद्भाव और न्याय स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में भजन-कीर्तन, पंथी नृत्य एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। सभी अतिथियों ने ग्रामवासियों को जयंती की शुभकामनाएं दीं तथा समाज में एकता एवं सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया।


**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी मिरान कुरैशी पिता मोहम्मद शरीफ कुरैशी, नरेश कुमार पिता बैसाखू, भिषम, भागवत दयाल, जया, पिसरान रामाधार, राजकुमारी पति रामाधार, रामानुज, जितेन्द्र, रामराज पिसरान बलदाउ निवासी पचेड़ा, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पचेड़ा, प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. केन्द्री, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1762 रकबा 0.100 हे. एवं खसरा नं. 1101 रकबा 0.270 हे. तथा खसरा नं. 1100 रकबा 0.020 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है, तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के दस दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता/अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

स्थान अभनपुर दिनांक 29/12/2025

भवदीय
**नागेन्द्र कुमार सिन्हा (अधिवक्ता)**
**अभनपुर, मो.नं. 9893906809**

**:: आम सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती महेश्वरी कन्नौजे पति-श्याम लाल कन्नौजे निवासी-कालीमाता वार्ड, राजीव नगर, हनुमान मंदिर खपरा भट्टी रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता श्रीमती बसंता सिन्हा पति-श्री संतराम सिन्हा निवासी- म.नं.-149, साहूपारा - 03, वार्ड क्र.-11, ग्राम-बरोंडा तह. राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा दलदल सिवनी, प.ह.नं.-109/41, रा.नि.मं. रायपुर-7-मोवा तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका ख.नं-739/13 रकबा 0.0090 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है तथा उक्त भूमि का विक्रय बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्था, समिति, बैंक अथवा निकाय को इस सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा, आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा शेष राशि का भुगतान कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन की कार्यवाही अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 30/12/2025

भवदीय
**गगन वैष्णव, संजय दास**
**अधिवक्तागण, सेक्टर- 01, शिवानंद नगर खमतराई रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 9893338133**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं होरीलाल पिता फगुवाराम, निवासी ग्राम भोथीडीह जिला धमतरी (छ.ग.), पिन 493662.

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम होरीलाल निषाद पिता फगुवाराम रख लिया हूँ।

अतः आप से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम होरीलाल निषाद पिता फगुवाराम से ही जाना, पहचाना जावे।

**होरीलाल निषाद ग्राम पो. भोथीडीह, जिला धमतरी (छ.ग.), पिन 493662**



# डॉ. भागवत ने कहा- विकास और प्रकृति के बीच संतुलन तलाशना आज सबसे बड़ी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने रायपुर एम्स में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए अंधाधुंध विकास पर चिंता जताई। उन्होंने कहा, अब तक दुनिया ऐसा विकास मॉडल नहीं बना पाई है, जिसमें पर्यावरण और इन्फ्रास्ट्रक्चर बिना नुकसान के साथ-साथ आगे बढ़ सकें। इसीलिए आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए विकास और प्रकृति के बीच संतुलन तलाशना आज सबसे बड़ी जरूरत बन गई है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर हैं। बुधवार को उन्होंने रायपुर के एम्स ऑडिटोरियम में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने छात्र-छात्राओं और युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों पर अपने विचार रखे। मोहन भागवत ने अरावली पर्वत श्रृंखला का उल्लेख करते हुए कहा, अंधाधुंध विकास अगर इसी तरह जारी रहा, तो आने वाली पीढ़ियों को पर्यावरणीय असंतुलन की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रकृति और विकास को आमने-सामने नहीं, बल्कि समानांतर चलाना होगा। सरसंघचालक ने कहा, सिर्फ सरकारी नीतियों से ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों की जीवनशैली में बदलाव से भी पर्यावरण की रक्षा संभव है। इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को प्राथमिकता देना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

- युवा संवाद में किया आव्हान- युवा अकेलेपन से नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यों से जुड़ें
- परिवारों में संवाद की कमी, रिश्तों के कमजोर होने से मोबाइल और नशा आसान विकल्प बन रहा

**अरावली पर्वतमाला का उदाहरण देते हुए अंधाधुंध विकास पर जताई चिंता**



### युवाओं में बढ़ते नशे और अकेलेपन पर चिंता

*मोहन भागवत ने युवाओं में बढ़ते नशे को गंभीर सामाजिक समस्या बताया। उन्होंने कहा, आज का युवा अंदर से खुद को अकेला महसूस कर रहा है। परिवारों में संवाद की कमी और रिश्तों के कमजोर होने से मोबाइल और नशा आसान विकल्प बनते जा रहे हैं। यदि परिवारों में बातचीत और भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा, तो युवाओं में नशे और नकारात्मक आदतों की प्रवृत्ति स्वतः कम होगी। समाज और परिवार दोनों को मिलकर ऐसा माहौल बनाना होगा, जहां युवा अकेलेपन से नहीं, बल्कि रचनात्मक कार्यों से जुड़ें।*

### युवाओं से अपील- करियर के साथ जिम्मेदारी भी समझें

युवा संवाद में उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोजगार और करियर की चिंता के साथ-साथ पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी समझें। छोटे-छोटे फैसलों और आदतों से बड़ी सकारात्मक शुरुआत की जा सकती है।

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार समरेंद्र को पीएचडी



**रायपुर।** शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय भिलाई छत्तीसगढ़ ने वरिष्ठ पत्रकार समरेंद्र शर्मा को पत्रकारिता एवं जनसंचार विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका शोध कार्य का विषय 'वेब सीरीज का समाजशास्त्र : एक अध्ययन (मिर्जापुर, आश्रम, पंचायत एवं पाताल लोक के संदर्भ में)' था। उन्होंने यह शोध कार्य डॉ. धनेश जोशी के निर्देशन में पूरा किया। अपने शोध में उन्होंने लोकप्रिय हिंदी वेब सीरीज को केवल मनोरंजन के माध्यम के रूप में नहीं, बल्कि समकालीन समाज की सत्ता संरचनाओं, सामाजिक यथार्थ और वैचारिक विमर्श के प्रभावशाली मंच के रूप में विश्लेषित किया है।

## निधन

### पुष्पा यादव



**रायपुर।** अवधपुरी कॉलोनी, भाठागांव निवासी पुष्पा यादव का 28 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट में किया गया। वे श्याम एवं सुंदर यादव की माता थीं।

### निर्मला दीवान



**रायपुर।** सुंदर नगर निवासी निर्मला दीवान (74) का 31 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे जलेश्वर धर दीवान नवागढ़ वाले की पत्नी और स्व. राजा दीवान, सोना दीवान, डॉ राजश्री शुक्ला की माता थीं।

### वर्षा इसरानी



**रायपुर।** कपिस विहार इमलीडीह निवासी वर्षा इसरानी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 1 जनवरी को सुबह 11:30 बजे उनके निवास स्थान से तेलीबांधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे नरेश इसरानी की पत्नी और मोहित इसरानी की माता थीं।

### संजय कुमार निषाद



**रायपुर।** ग्राम कुरुद सिलयारी निवासी संजय कुमार निषाद (50) का 26 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे मोतीराम निषाद के पुत्र और ईश्वर, गोपाल, मनोज निषाद के भाई थे।

## मुख्यमंत्री ने वाहनों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना

# 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट 18 जिलों के 2100 गांवों तक पहुंचाएंगी स्वास्थ्य सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूरस्थ और घने वनांचल वाले आदिवासी क्षेत्रों में अब स्वास्थ्य सेवाएं लोगों के दरवाज़े तक पहुंचेंगी। प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान "पीएम जनमन" के तहत बुधवार को नवा रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, जनप्रतिनिधि और विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मोबाइल मेडिकल यूनिटों के संचालन से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। सरकार का मानना है कि दुर्गम अंचलों में रहने वाले समुदायों को अस्पताल तक पहुंचने में आने वाली कठिनाइयों को देखते हुए यह व्यवस्था स्वास्थ्य सुविधाओं को सीधे उनके गांवों व बसाहटों तक पहुंचाएगी। मोबाइल मेडिकल यूनिटों की तैनाती से प्रदेश के 18 जिलों के 2100 से अधिक गाँवों और बसाहटों तक नियमित स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई जाएंगी।

हरिभूमि सरोकार




### मोदी के सपने को पूरा करेगा : जायसवाल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा, विशेष पिछड़ी जाति के उत्थान के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रयासरत हैं। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट ऐसे सुदूर वनांचलों के लिए हैं जहां स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच कम है। 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे प्रदेश के लिए समर्पित कर रहे हैं, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को पूर्ण करेगा।

### 25 तरह की जांच की सुविधा होगी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में रहने वाले परिवारों के लिए अब इलाज और जांच की सुविधा गांव में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने इस पहल को आदिवासी समुदायों की "सर्वांगीण भागीदारी और स्वास्थ्य सुरक्षा का ठोस आधार" बताया। यह मोबाइल मेडिकल यूनिट उनके लिए वरदान साबित होगा। 57 मोबाइल मेडिकल यूनिट में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्निशियन और स्थानीय वालंटियर उपस्थित होंगे।

### हर यूनिट 15 दिन में स्वास्थ्य शिविर करेंगी : कटारिया

*स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को विशेष पिछड़ी जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक उत्थान के लिए पीएम जनमन योजना की शुरुआत की। इसका उद्देश्य बुनियादी सुविधाओं को सीधे बसाहटों तक पहुंचाना है। आपातकालीन स्थिति में मरीज को इन यूनिट के माध्यम से निकट स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचाना आसान होगा। हमारा उद्देश्य सिर्फ मशीनें ही नहीं, अपितु कुशल एवं संवेदनशील कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना भी है। ये यूनिटें हर 15 दिन में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करेंगी, जिनमें 25 से अधिक प्रकार की जांच और रोगों का उपचार किया जाएगा और आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाएगा। गंभीर मरीजों को आवश्यकता अनुसार निकटतम स्वास्थ्य संस्थानों में भेजा जाएगा।*

## रात में चल रहा रेत का अवैध उत्खनन-परिवहन

# निरीक्षण पर निकली उड़नदस्ता टीम ने 22 हाईवा पकड़ी, जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रेत माफिया दिन की जगह अब रात के समय में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन करा रहे हैं। खनिज विभाग की उड़नदस्ता टीम ने मंगलवार रात को आरंग, मंदिर हसौद, नया रायपुर, उपरवारा, अभनपुर क्षेत्र में निरीक्षण करते हुए रेत से भरी 22 हाईवा गाड़ियों को पकड़ा है। इन गाड़ियों को संबंधित क्षेत्र के थाना में जब्ती बनाते हुए उनके मालिकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया है। खनिज विभाग के उप संचालक राजेंद्र मालवे ने कहा कि विभाग में शिकायतें मिल रही थीं कि रात के समय में रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। इन शिकायतों के आधार पर टीम को निरीक्षण के लिए रात में भेजकर कार्रवाई कराई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर अंकुश लगाना कलेक्टर की भी मंशा है, इसलिए इसे रोकने के लिए विभागीय टीम को अब रात में भी लगातार निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा।



### बिना रायल्टी पर्ची के परिवहन

खनिज विभाग की उड़नदस्ता की टीम अब रात 7 बजे से तड़के 5 बजे तक निरीक्षण करने निकल रही है। यह टीम आरंग, मंदिर हसौद, नया रायपुर, अभनपुर क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत खदानों से गुजरने वाली सड़कों पर निरीक्षण करते हुए रेत का अवैध रूप से परिवहन करती गाड़ियों को पकड़ने की कार्रवाई कर रही है। पकड़े जाने के बाद इन गाड़ियों के चालकों से रायल्टी पर्ची के बारे में पूछने पर नहीं होने की जानकारी दी गई, जिसके बाद टीम ने सभी गाड़ियों को जब्ती बनाकर संबंधित क्षेत्र के थाना परिसर में खड़ा किया है।

### वाहन मालिकों पर 6 लाख से अधिक जुर्माना

अवैध रेत परिवहन में संलिप्त हाईवा गाड़ियों के मालिकों के विरुद्ध खनिज विभाग ने जुर्माना भी लगाया है। प्रत्येक गाड़ी के मालिक पर लगभग 28 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। इस तरह कुल 22 गाड़ियों के मालिकों पर समझौता राशि के तहत 6 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना लगाया है। समझौता राशि का भुगतान करने के बाद ही जब्त गाड़ियों को छोड़ा जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले में अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वाले माफिया तथा उसे जुड़े लोग सक्रिय हैं। ये माफिया सेमरा, पारागांव, तर्रीघाट, लखना, गौरभाठ, हरदीडीह सहित कई गांव में नदियों से रेत का अवैध रूप से उत्खनन और परिवहन करा रहे हैं। ये अवैध काम दिन ढलने के बाद ही किया जा रहा है। खनिज विभाग में नए अफसर के आने के बाद अब से इस पर लगाम कसने के लिए रात में भी उड़नदस्ता की टीम निरीक्षण पर भेजी जा रही है।

## पेज 03 के शेष ...

### 20 जनवरी से 5 फरवरी तक ऑटो एक्सपो...

भी और अधिक सुगम बनाएगी। राडा के वरिष्ठ पदाधिकारी कैलाश खेमानी, विवेक अग्रवाल एवं मुकेश सिंघानिया ने कहा कि यह ऑटो एक्सपो राज्य में आर्थिक गतिविधियों को गति देगा। राडा के पूर्व अध्यक्ष अमर पारवानी, मनीष राज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, जयेश पिथालिया, शशांक शाह एवं विवेक गर्ग ने विश्वास जताया कि पिछले ऑटो एक्सपो में बने रिकॉर्ड जहां 29 हजार से अधिक वाहनों की बिक्री हुई थी और 800 करोड़ से अधिक का जीएसटी राजस्व प्राप्त हुआ था, इस बार वाहन बिक्री में पिछले वर्ष के रिकार्ड टूटने की संभावना व्यक्त की है।

### भारतमाला भू-अर्जन मुआवजा घोटाला...

मिलकर रायपुर-विशाखापत्तनम हाईवे प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण में सरकारी रिकॉर्ड में हेरफेर करके अवैध मुआवज़ा प्राप्त किया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने कुछ सरकारी कर्मचारियों के साथ आपराधिक साजिश रचकर पिछली तारीख की एंट्री के जरिए परिवार के सदस्यों के बीच जानबूझकर जमीन के बड़े टुकड़ों को बांटकर भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत अधिग्रहित जमीन के लिए धोखाधड़ी से ज्यादा मुआवजा प्राप्त किया। जमीन का यह कृत्रिम बंटवारा भूमि अधिग्रहण से पहले अलग-अलग लोगों के नाम से टुकड़ों में काटकर चढ़ाया गया था, जिससे मुआवजे के ढांचे का फायदा उठाकर ज्यादा मुआवज़े का दावा किया जा सके। राजस्व रिकॉर्ड में हेरफेर किया गया, ताकि यह दिखाया जा सके कि ये बंटवारे अधिग्रहण प्रक्रिया से पहले हुए थे, जिससे बढ़ी हुई अवैध मुआवजे की राशि स्वीकृत और वितरित हुई।

### दूसरे दिन अकाउंट से रुपए...

परिचित के पास कॉल किया, तो उसने सुरेश को बताया कि अज्ञात जालसाज ने उसे एपीके फाइल का मैसेज भेज मोबाइल हैक कर लिया था। परिचित के मोबाइल हैक करने के बाद जालसाज ने उसके नंबर से सुरेश को एपीके फाइल भेज कर सुरेश का भी मोबाइल हैक कर अकाउंट की गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी का शिकार बनाया।

## इंदौर में गुजराती स्कूल की छात्रा भावना ने जीता स्वर्ण पदक

**रायपुर।** गुजराती उच्चतर माध्यमिक शाला की कक्षा 10वीं 'अ' की छात्रा भावना साहू ने खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग जोनल लीग 2025-26 वेस्ट जोन इंदौर (मध्यप्रदेश) में स्वर्ण पदक जीतकर संस्था एवं शाला को गौरवान्वित किया है। गुजराती स्कूल के प्राचार्य अनीस मेमन ने बताया कि भावना साहू ने इस प्रतियोगिता में तेलंगाना और गोआ के खिलाड़ियों को नॉकआउट कर, मध्यप्रदेश को 3-0 से तथा फाइनल में राजस्थान को 3-0 से हराने की शानदार उपलब्धि प्राप्त की और स्वर्ण पदक के साथ 8000 का नगद पुरुस्कार भी जीता। भावना साहू गुजराती स्कूल की मार्शल आर्ट्स खेलों की प्रतिभाशाली खिलाड़ी है। भावना साहू और उनके पिता प्रशिक्षक विशाल हियाल, अन्नू देवी कंवर को प्रबंध समिति गुजराती शिक्षण संघ के अध्यक्ष नारायण भाई पटेल, उपाध्यक्ष द्वय अशोक भाई पटेल, जयंती पटेल सहित समस्त सदस्यों एवं शाला प्राचार्य अनीस मेमन, उपप्राचार्य वंदना संघवी तथा शाला परिवार की ओर से उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।



## आज से एक महीने तक सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**रायपुर।** लोगों को यातायात नियमों का पालन कराने तथा सड़क दुर्घटना से बचाव करने के उद्देश्य से एक जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। सड़क सुरक्षा जन जागरूकता अभियान के पहले दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे राजधानी के कलेक्टोरेट चौक से हेलमेट रैली निकाली जाएगी। रैली में पुलिस, जिला प्रशासन, आम जनता, स्वयंसेवी संगठन द्वारा कलेक्टोरेट चौक में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा के पास से हेलमेट बाइक रैली निकालेंगे। रैली को शहर के प्रमुख मार्गों में भ्रमण कराकर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट धारण कर गाड़ी चलाने प्रेरित करेंगे।

## किशोरी से रेप, 20 वर्ष कैद

**रायपुर।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को शादी करने का झांसा देकर रेप करने के आरोपी को अपर सत्र न्यायधीश फास्ट ट्रैक गिरीश मंडावी की पॉक्सो कोर्ट ने कबीर नगर निवासी परवेज खान उर्फ सलमान को 20 साल कैद के साथ डेढ़ हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक गीता चौहान के अनुसार परवेज ने किशोरी को शादी करने का झांसा देकर पिछले वर्ष दो अगस्त 2024 को अपनी नानी के घर ले जाकर रेप किया। किशोरी की मां की शिकायत पर पुलिस ने किशोरी को कबीर नगर में परवेज की नानी के घर से बरामद किया।




## हड़ताल के तीसरे दिन भी सरकारी दफ्तरों में ठप रहा कामकाज

**रायपुर।** अधिकारी-कर्मचारी तीसरे व अंतिम दिन बुधवार को भी अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहे। इसके कारण जिला प्रशासन, तहसील कार्यालय सहित अन्य सभी विभागों में कामकाम ठप रहा। हड़ताल के कारण पंजीयन कार्यालय में भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। जिला पंचायत कार्यालय, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग सहित कई दफ्तरों में जहां सन्नाटा पसरा रहा, वहीं तहसील कार्यालय में कानूनगो, डायवर्सन सहित अन्य कई दफ्तरों के दरवाजे तक नहीं खुले।

### :: आम सूचना ::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती महेश्वरी कन्नौजे पति-श्याम लाल कन्नौजे निवासी-कालीमाता वार्ड, राजीव नगर, हनुमान मंदिर खपरा भट्टी रायपुर, तह. व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) ने विक्रेता श्रीमती बसंता सिन्हा पति-श्री संतराम सिन्हा निवासी- म.नं.-149, साहूपारा - 03, वार्ड क्र.-11, ग्राम-बरोंडा तह. राजिम जिला गरियाबंद (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि जो वाके मौजा दलदल सिवनी, प.ह.नं.-109/41, रा.नि.मं. रायपुर-7-मोवा तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका ख.नं-739/13 रकबा 0.0090 हे. भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम बयाना राशि प्रदान कर इकरारनामा निष्पादित किया गया है तथा उक्त भूमि का विक्रय बैनामा पंजीयन शेष है।

अतः इस आम सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्था, समिति, बैंक अथवा निकाय को इस सौदे के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दावा, आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई दावा आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार के द्वारा शेष राशि का भुगतान कर उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन की कार्यवाही अपने पक्ष में करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक 30/12/2025

भवदीय
गगन वैष्णव, संजय दास
अधिवक्तागण, सेक्टर- 01, शिवानंद नगर खमतराई रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9893338133


### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं होरीलाल पिता फगुवाराम, निवासी ग्राम भोथीडीह जिला धमतरी (छ.ग.), पिन 493662.

यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम होरीलाल निषाद पिता फगुवाराम रख लिया हूँ।

अतः आप से मुझे समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम होरीलाल निषाद पिता फगुवाराम से ही जाना, पहचाना जावे।

**होरीलाल निषाद ग्राम पो. भोथीडीह, जिला धमतरी (छ.ग.), पिन 493662**

























नए साल के स्वागत को लोगों ने अपनों के साथ मनोरंजन-मस्ती के पलों को एंजॉय करते हुए यादगार बनाया। शहर के होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स में सेलिब्रेटी और डीजे नाइट के साथ न्यू ईयर पार्टी सेलिब्रेट किया। 31 फर्स्ट को लेकर शाम 6 बजे से ही होटलों में न्यू ईयर नाइट पार्टी की महफिल शुरू हुई, वह देर रात तक चलती रही। होटलों की न्यू ईयर नाइट पार्टी में बड़ी संख्या में लोग अपने दोस्तों और फैमिली के साथ पहुंचे।

● नए साल के जश्न में डूबा शहर, लोगों ने 2026 का किया स्वागत, उत्साह के साथ 2025 को कहा अलविदा

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन में डीजे रिमिक्स सॉग पर सेलिब्रिटी संग झूमे लोग, किया ग्रैंड वेलकम

**रायपुर।** होटलों में कहीं बालीवुड कलाकारों के साथ रंग जमाया तो कहीं डीजे के नए-पुराने रिमिक्स गानों पर झूमते गाते दिखे। सिटी के टॉप होटलों में नए साल को लोगों के लिए यादगार बनाने के लिए शानदार न्यू ईयर नाइट पार्टी सेलिब्रेशन के इंतजाम किए गए। इन पार्टियों में हर साल की भांति लोगों की हुजूम उमड़ी। होटलों की न्यू ईयर पार्टी एंजॉय करने युवाओं में खासी क्रेज देखने को मिला। युवा देर रात तक न्यू ईयर पार्टी एंजॉय करते रहे। होटल प्रबंधन ने कपल्स, फैमिली, बैचलर्स सभी के हिसाब से पार्टी ऑर्गनाइज किया। यहां लोगों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ मनपसंद गाला डिनर की व्यवस्था की गई। इस तरह से नए साल को लोगों ने हंसते, झूमते और गाते हुए वेलकम किया और पुराने वर्ष को बॉय-बॉय किया।





## काली मंदिर में नए साल की पूजा करने उमड़े श्रद्धालु

नए साल की रात्रि 12 बजे आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर में मां काली की आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। ऐसी मान्यता है कि मां काली के दर्शन से सालभर सुख-समृद्धि आती है। इसलिए प्रतिवर्ष की भांति श्रद्धालु काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे। श्रद्धालुओं ने मां काली से नववर्ष में अपने घर-परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की। इस तरह काली मंदिर में नए साल का पहला क्षण भक्ति भाव से सराबोर रहा। वहीं, पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में भी नए साल को लेकर भक्तों के लिए साज सजावट के साथ भक्तिमय माहौल रहा।





## इन होटल्स एंड रेस्टोरेंट्स में न्यू ईयर की झलक

एनएच-6 इंटरनेशलन क्रिकेट स्टेडियम स्थित एक होटल में रात 8 बजे से डीजे नाइट, गाला डिनर को लोगों ने खूब एंजॉय करते हुए यादगार के पल जोड़े। वहीं, रिंग रोड-3 पिरदा स्थित एक रेस्टोरेंट्स में बालीवुड सेलिब्रिटी के साथ 31 फर्स्ट नाइट को फिल्मी गीतों में झूमते हुए खास बनाया। सेजबहार स्थित एक क्लब में डीजे म्यूजिक और डिनर के साथ नए साल का जश्न को लोगों ने सेलिब्रेट किया। इसी तरह से शहर के अलग-अलग होटलों व रेस्टोरेंट्स में नए साल का जश्न में लोग डूबे रहे।





## हाई वोल्टेज पार्टियों में लोगों का उत्साह चरम पर

नए साल के जश्न को लोगों ने दिल से सेलिब्रेट किया। इन हाई वोल्टेज म्यूजिक-डांस और डिनर पार्टी में लोगों का उत्साह अपने चरम पर रहा। ऐसा लगा मानो इस पल में पूरी जिंदगी जी लिया हो। इस खुशी के पलों को लोगों ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे में कैद किए और सोशल मीडिया में फैमिली-फ्रेंड्स से साझा करते दिखे।



## कालोनियों में हुई आतिशबाजी

कालोनियों व घरों में लोगों ने घड़ी में 12 बजते ही 1 जनवरी 2026 का ग्रैंड वेलकम केक काटकर, मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी के साथ किया। आकाश में जहां नए साल की रौनक बिखरी, वहीं सड़कों पर हैप्पी न्यू ईयर 2026 लिखकर लोग खुशी व उत्साह का इजहार किया। इस तरह से पूरा शहर में नए साल को लेकर जश्न का माहौल देखने को मिला।

---

सिटी लाइव

## डीप लर्निंग सिर्फ थ्योरी तक सीमित नहीं, जटिल समस्याओं का हल

**रायपुर।** एनआईटी में डीप लर्निंग पर 15 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का समापन हुआ। संस्था के कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल के सहयोग से सूचना प्रौद्योगिकी विभाग ने 15 से 30 दिसंबर तक आयोजित डीप लर्निंग कॉन्सेप्ट्स टू एप्लीकेशन विथ हैंड्स-ऑन प्रैक्टिस पर अपना ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया। इस कोर्स में न्यूरल नेटवर्क, कनवल्शनल न्यूरल नेटवर्क, ट्रांसफर लर्निंग, ट्रांसफॉर्मर, जेनरेटिव मॉडल, एक्सप्लेनेबल एआई और हेल्थकेयर, जीआईएस और रिमोट सेंसिंग में एप्लीकेशन-ओरिएंटेड केस स्टडी सहित कई विषयों को शामिल किया गया था। कार्यक्रम में हैंड्स-ऑन लर्निंग पर जोर दिया गया, जिससे प्रतिभागियों को मॉडल लागू करने और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को समझने में मदद मिली। मुख्य अतिथि के रूप में सभा को संबोधित करते हुए एसोसिएट डीन डॉ. मनवेंद्र के. त्रिपाठी (रिसर्च और कंसल्टेंसी एनआईटी रायपुर) ने उभरती हुई टेक्नोलॉजी में एप्लीकेशन-आधारित लर्निंग के महत्व पर प्रकाश डाला।



### देशभर के शोधार्थी छात्र हुए शामिल

जीआई टीएएम यूनिवर्सिटी, हैदराबाद की प्रो. प्रीति परवेकर ने भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में सहयोगी और कौशल-उन्मुख लर्निंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में देश भर के छात्रों, रिसर्च स्कॉलर्स, फैकल्टी सदस्यों और उद्योग पेशेवरों ने भाग लिया। आईआईटी, एनआईटी विश्वविद्यालयों, अनुसंधान संगठनों और उद्योग के प्रतिष्ठित वक्ताओं ने कोर्स की शैक्षणिक शक्ति में योगदान दिया। समापन समारोह के दौरान ग्रुप कैटेगरी में टॉप परफॉर्मर्स को सम्मानित किया गया, जिसमें टीम वर्क और सहयोगी समस्या-समाधान पर जोर दिया गया। प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

सोनपैरी में हिन्दू सम्मेलन के बीच बही आस्था और देश भक्ति की अविरल धारा में रमें श्रोता

## ड्रोन से उड़ते हनुमान को देखकर गूंजा जयघोष भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की कृतियां







**रायपुर।** विराट हिन्दू सम्मेलन के चलते अभनपुर के सोनपैरी गांव में मेले जैसा माहौल रहा। सम्मेलन के लिए सजाए गए मंच पर एक तरफ समाज प्रमुखों के साथ राजीव लोचन महाराज विराजमान थे। वहीं, दूसरी तरफ लोक गायिका आरु साहू ने अपनी म्यूजिकल टीम के साथ भावपूर्ण भजनों और लोक गीतों की प्रस्तुति से सम्मेलन का हिस्सा बने 60 हजार से ज्यादा धर्मानुरागियों को आस्था का माहौल दिया। मंच के बीच 30 बाई 20 वर्गफीट एरिया में हजार फीट रेत से हेमचंद साहू ने गौतम के सहयोग से भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी को आकर्षक स्वरूप दिया था। जल संरक्षण और पर्यावरण को बचाने का संदेश रेत की आकृतियों के माध्यम से देने का सुन्दर प्रयास किया। इस बीच सम्मेलन के लिए सजाए डोम में ड्रोन से उड़ते हुए हनुमान जी को आकाश मार्ग से आते देख धर्मानुरागियों के जयघोष से सम्मेलन स्थल सराबोर हुआ।

### भजनों और लोक गीतों से बांधा समां



लोक गायिका आरु साहू ने सुवा बोलत हे राम..., ना ना मोर हो ना ना मोर ललना.., कपूर गौरम करुणा वतारम..., जैसे गीतों से सम्मेलन में शामिल धर्म प्रेमियों के बीच उत्सव का माहौल निर्मित किया। इसके बाद अतिथियों के मंच पर आने से पहले आरु ने मंगल भवन अमंगल हारी..., मेरे चौखट पर चलकर आज ...., मेरे झोपड़ी के भाग्य...जैसे भजनों से श्रोताओं ही नहीं, एक समय के लिए अतिथियों को भी भावविभोर किया। अतिथियों के आगमन पर भजनों की प्रस्तुति को विराम लगा और फिर हिन्दू सम्मेलन का भव्य आगाज हुआ।

### आयोजकों संग युवाओं ने संभाली कमान

विराट हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने के लिए लोगों की आवाजाही सुबह 11 बजे से ही बढ़ने लगी थी। इसे देखते हुए तीन जगह भोग-भंडारे का आयोजन किया गया, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। इसके लिए आयोजकों के साथ ही युवाओं ने भी कमान संभाली। उनकी सक्रियता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पार्किंग के लिए सबसे ज्यादा विवाद होते हैं, लेकिन लौटते हुए लोगों ने उनके संस्कारित व्यवहार को भी सराहा। प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए उन्होंने लोगों को गिलास से ही पानी पीने की सुविधा उपलब्ध कराई।

कैंपस लाइव

## नेत्र रोग विशेषज्ञों के एलुमिनी मीट में पुराने दौर को किया याद




**रायपुर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के नेत्र रोग विभाग के पूर्व छात्रों ने अपनी पहली एलुमिनी मीट आयोजित की। इसमें 50 से अधिक नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल हुए। कॉलेज के नेत्र विज्ञान से पढ़ाई करके नेत्र विशेषज्ञ बने और आज देश-विदेश में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें पहले बैच के डॉओ पी बिल्लौरे भी आयोजन का हिस्सा बने। एलुमिनी मीट में पुराने छात्रों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अपने दौर की यादें भी ताजा की। इसमें आई डिपार्टमेंट के टीचर्स एवं वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. पीके मुखर्जी, डॉ सुषमा वर्मा, डॉ.एके चंद्राकर, डॉ. एसएल आदिले, डॉ. एमएल गर्ग, वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. निधि पांडे, डॉ. ओपी बिल्लौरे का सम्मान भी किया गया। रायपुर मेडिकल कॉलेज की स्थापना सन 1963 में हुई थी। मेडिकल कॉलेज के नेत्र विभाग के पहले विभागाध्यक्ष डॉ. डीएस भटनागर थे। उनके बाद डॉ. एससी जैन, डॉ. आरके सक्सेना, डॉ. आईएम शुक्ल, डॉ. पीके मुखर्जी के दौर को याद किया गया।

### एक्सपर्ट ने साझा की अपने समय की यादें और अनुभव

आयोजन की कड़ी में डॉ. मनीष श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण और डॉ. निधि पांडे ने कॉलेज के नेत्र विभाग की जानकारी दी। बिलासपुर से आए डॉ. मदन देशपांडे ने वरिष्ठ गुरुओं का सम्मान किया। सभी एक्सपर्ट ने विभाग से पढ़ाई और वहीं सेवा देने से जुड़ी यादें साझा की। सभी ने अपने समय में किस तरह की चुनौतियों का सामना किया, तब वे किसी सब्जेक्ट पर किस तरह से काम करते थे, जैसे तमाम यादों को साझा की। पहली बार आयोजन में मिलने का अवसर मिला तो सभी ने उसे संवादों से यादगार बनाने का प्रयास किया।